भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 307**
04 फरवरी, 2025 को उत्तरार्थ

**विषय: कृषि बाजार**

**307. श्री उत्कर्ष वर्मा मधुरः**

क्या **कृषि एवं किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) किसानों के लिए आवास सुविधा से सुसज्जित और उनके परिवाहक वाहनों की पार्किंग हेतु उचित व्यवस्था से परिपूर्ण कृषि बाजारों का राज्यवार और जिलावार ब्यौरा क्या है; और

(ख) कृषि में स्नातक व्यक्तियों हेतु केन्द्र प्रायोजित योजनाओं का ब्यौरा क्या है और इससे कितने व्यक्ति लाभान्वित हुए हैं?

**उत्तर**

**कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)**

**(क):** कृषि विपणन राज्य का विषय है और कृषि उपज मंडी समितियों (एपीएमसी) को राज्य के संबंधित राज्य कृषि उपज मंडी समिति अधिनियम के तहत विनियमित किया जाता है। किसानों के लिए आवास सुविधा के साथ-साथ उनके परिवाहक वाहनों की पार्किंग के संदर्भ में डेटा का रख-रखाव केंद्रीय रूप से नहीं रखा जाता है।

**(ख):** स्टूडेंट रेडी कार्यक्रम कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के विषयों में अंडरग्रेजुएट डिग्री कार्यक्रम का एक अभिन्न अंग है। स्टूडेंट रेडी कार्यक्रम के पाँच घटक हैं:

i. अनुभवात्मक शिक्षा-व्यवसाय मोड
ii. अनुभवात्मक शिक्षा-व्यावहारिक प्रशिक्षण (कौशल विकास)
iii. ग्रामीण जागरूकता कार्य अनुभव (आरएडब्ल्यूई)
iv. इनप्लांट ट्रेनिंग/इंडस्ट्रियल अटेचमेंट/इंटर्नशिप
v. छात्र परियोजनाएँ

इसके अलावा, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) द्वारा प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्ति/फेलोशिप का विवरण अनुबंध-I में दिया गया है।

**लो.स.अता.प्र.सं. 307**

**अनुबंध-I**

**भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) द्वारा प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्तियाँ/फेलोशिप**

| **क्र.सं.** | **योजनाएँफेलोशिप/** | **लाभार्थियों की संख्या** | |
|---|---|---|---|
| | | **2022-23** | **2023-24** |
| 1 | अंडरग्रेजुएटछात्रों के लिए (यूजी) राष्ट्रीय प्रतिभा छात्रवृत्ति | 6734 | 10034 |
| 2 | पोस्टग्रेजुएटछात्रों के लिए (पीजी) राष्ट्रीय प्रतिभा छात्रवृत्ति | 3542 | 3428 |
| 3 | पीजी छात्रवृत्ति | 1693 | 1613 |
| 4 | पीएचडी छात्रों के लिए जूनियरसीनियर रिसर्च फेलोशिप/ | 1130 | 1157 |
| 5 | बी. वी. एससी. छात्रों के लिए इंटर्नशिप | 4652 | 4996 |
| 6 | अंडरग्रेजुएट अध्ययन के लिए मेरिट-छात्रवृत्ति (एमसीएम) मीन्स-कम | 417 | 439 |
| 7 | पीएचडी के लिए नेताजी सुभाष-आईसीएआर अंतर्राष्ट्रीय फेलोशिप | 39 | 32 |
| **कुल** | | **18207** | **21699** |

****